NT>

Title: Need to provide relief to farmers whose crops have been affected by drought in Khiri District of Uttar Pradesh.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद खीरी पूरे तौर पर सूखे से प्रभावित हुआ है। खरीफ की फसल बड़े पैमाने पर नट हो चुकी है। बिजली का अभाव बना हुआ है और चीनी मिलों पर लोगों का करोड़ों रुपया बकाया बड़ा हुआ है। सरकारी वसूली जबरदस्त तरीके से की जा रही है। क्षेत्र की अर्थ व्यवस्था टूट रही है और ग्रामीण मजदूर शहरों की ओर मजबूर होकर भाग रहे हैं।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि युद्ध स्तर पर कदम उठाते हुए ग्रामीण रोजगार की व्यवस्था करें तथा कृगि बीमा के माध्यम से किसानों को हुए नुकसान का भरपूर मुआवजा तत्काल देने का कट करें।